शिवावतारी गुरु गोरक्षनाथ से जुड़ी मान्यता है कि त्रेता युग में हिमांचल के कांगड़ा स्थित ज्वाला देवी मंदिर से भ्रमण करते यहां आए गुरु गोरक्षनाथ का चमत्कारी खप्पर लाखों टन खिचड़ी चढ़ाने पर भी नहीं भरा। गुरु गोरक्षनाथ का खप्पर भरने और उनके लौटने का इंतजार हिमांचल के कांगड़ा में आज भी हो रहा है। ज्वाला देवी स्थान पर आज भी अदहन खौल रहा है। दरअसल, पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक त्रेता युग में गुरु गोरक्षनाथ भ्रमण करते हुए कांगड़ा के ज्वाला देवी स्थान पर पहुंचे थे। माता ज्वाला ने उनका स्वागत किया और भोजन का आमंत्रण दिया लेकिन देवी स्थान पर वामाचार विधि से पूजन–अर्चन होता था। वहां मद्य और मांस युक्त तामसी भोजन पकता था जिसे गुरु गोरक्षनाथ ग्रहण नहीं करना चाहते थे। माता ज्वाला के आमंत्रण को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हुए उन्होंने कहा कि वह खिचड़ी ही खाते हैं वह भी भिक्षा मांग कर।इन बातों को सुनकर ज्वाला देवी ने खुद भी खिचड़ी खाने की इच्छा जाहिर की। उन्होंने गुरु गोरखनाथ को भिक्षा मांगकर लाने भेज दिया और खुद अदहन गरम करने लगीं। इधर, गुरु गोरखनाथ भिक्षा मांगते हुए गोरखपुर तक आ पहुंचे। पौराणिक कथाओं में उल्लेख है कि तब यहां चारों तरफ जंगल और बेहद रमणीक दृश्य थे। गुरु गोरखनाथ यहीं एक स्थान पर ध्यान लगाकर बैठ गए। वहीं बगल में उनका खप्पर रखा था। ध्यान में लीन तपस्वी को देख लोग उनके खप्पर में खिचड़ी चढ़ाने लगे। लेकिन चाहे जितनी खिचड़ी चढ़ती वह खप्पर भरता न था। मान्यता है कि आज तक वह खप्पर नहीं भरा। कांगड़ा में ज्वाला माता का अदहन आज भी खौल रहा है। गुरु गोरक्षनाथ के तपबल, हठयोग और चमत्कारों की ख्याति देश–विदेश में है। हर साल मकर संक्रांति पर दूर–दूर से लोग यहां खिचड़ी चढ़ाने आते हैं।

मकर संक्रांति के दिन हर साल नेपाल राजवंश की खिचड़ी चढ़ती है। नेपाल की करेंसी और राजवंश के मुकुट पर गुरु गोरखनाथ की चरण पादुका और उनका नाम अंकित है। मकर संक्रांति पर खिचड़ी चढ़ाए जाने के बाद मंदिर की ओर से रोट का प्रसाद नेपाल राजमहल भेजा जाता है। वर्तमान में क्षेत्र से इतनी खिचड़ी चढ़ती है कि इससे अनेको सेवा प्रकल्प चलते है ।

'हम प्रजातंत्र के पुजारी हैं, वे दंगातंत्र के पुजारी हैं'

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने 11 दिसंबर, 2021 को मेरठ में लगभग 23 हजार बूथ अध्यक्षों के साथ संवाद किया और उन्हें आगामी उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव के संदर्भ में जीत के मंत्र दिए। इस कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सर्वश्री स्वतंत्र देव सिंह, उप-मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, प्रदेश भाजपा प्रभारी राधा मोहन सिंह, चुनाव सह-प्रभारी कैप्टन अभिमन्यु, संगठन महामंत्री कर्मवीर, केंद्रीय मंत्री वीके सिंह, संजीव बालियान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश का काम देखनेवाले संजय भाटिया और क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल सहित राज्य सरकार के कई वरिष्ठ मंत्रीगण, विधायक, क्षेत्र के सांसद, प्रदेश और क्षेत्र के पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे।

श्री नड्डा ने कहा कि बाकी दलों की जनसभा में जितनी संख्या होती है, उससे कहीं अधिक कार्यकर्ता तो भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में होते हैं।

श्री नड्डा ने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी है जहां गरीब से गरीब परिवार से आने वाले कार्यकर्ता भी अपने परिश्रम और मेधा के बल पर पार्टी का नेतृत्व कर सकते हैं, देश के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के पद को सुशोभित कर सकते हैं। बाकी सभी पार्टियों में एक विशेष परिवार में बेटा, भतीजा या चाचा होना जरूरी है। अब तो इन पार्टियों में वंशवाद इतना मजबूत हो चुका है कि चाचा भी किनारे कर दिए जा रहे हैं।

यह भारतीय जनता पार्टी है जहां गरीब से गरीब परिवार से आने वाले कार्यकर्ता भी अपने परिश्रम और मेधा के बल पर पार्टी का नेतृत्व कर सकते हैं, देश के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के पद को सुशोभित कर सकते हैं

समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव पर करारा प्रहार करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि सपा के नेता अपना पुराना चेहरा ढ़ककर नए चेहरे में आने का प्रयास कर रहे हैं। मैं आज स्पष्ट शब्दों में यह कहना चाहता हूं कि ये नई सपा नहीं है, ये वही सपा है। अखिलेश सरकार में 15 आतंकी पकड़े गए थे, तब सपा सरकार ने ये कहकर इन आतंकियों को छुड़ा लिया कि ये दोषी नहीं हैं। बाद में हाईकोर्ट के आदेश के बाद उन आतंकियों को फिर से गिरफ्तार किया गया, उन पर मुकद्दमा चला और वे दोषी करार दिए गए। इनका गुनाह इतना संगीन था कि इनमें से चार को फांसी हुई और कई को उम्रकैद हुई। ये वंशवाद प्रोडक्ट का जीता-जागता उदाहरण है कि किस तरह ये राष्ट्र हित को वोट की खातिर बेच डालते हैं। उत्तर प्रदेश की जनता को यह भी याद होगा कि किस तरह अखिलेश सरकार में प्रदेश के पूर्व डीजीपी और उनके साथ दर्जनों लोगों पर फर्जी तरीके से फंसाया गया, उन पर मुकद्दमे चलाये गए। उसके खिलाफ भी हमने लड़ाई लड़ी और न्याय की जीत हुई। हम प्रजातंत्र के पुजारी हैं, वे दंगातंत्र के पुजारी हैं। अखिलेश सरकार में 700 से अधिक दंगे हुए, 100 से अधिक लोगों ने इन दंगों में अपनी जानें गंवाईं। हमें 27 अगस्त, 2013 को शुरू हुआ मुजफ्फरनगर का दंगा भी याद है। हमें यह भी याद है कि किस तरह सचिन और गौरव की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई थी और फिर आरोपियों को अखिलेश सरकार ने छुड़ाया था।

आज उत्तर प्रदेश में हर जगह शांति है, कहीं भी साम्प्रदायिक तनाव नहीं है और विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। याद कीजिये कैराना की घटना, याद कीजिये अखिलेश सरकार में पलायन का दौर, याद कीजिये मुजफ्फरनगर के दंगे– यही तो है दंगा तंत्र। इस दंगा तंत्र को ख़त्म कर योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रजातंत्र की नींव पर अंत्योदय के सिद्धांत पर सर्वस्पर्शी और सर्व समावेशी विकास का नया अध्याय शुरू किया है।

श्री नड्डा ने कहा कि जहां तक उत्तर प्रदेश की बात है तो उत्तर प्रदेश में भी भाजपा की योगी आदित्यनाथ सरकार ने किसानों को गन्ने का रिकॉर्ड भुगतान किया है। अब तक गन्ना किसानों को अकेले उत्तर प्रदेश में लगभग 1.41 लाख करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। ध्यान देने वाली बात यह है कि योगी सरकार ने अखिलेश सरकार के समय का भी बकाये का लगभग 11,000 करोड़ रुपये भुगतान किसानों को किया है। बसपा की सरकार और अखिलेश की सपा सरकार ने अपने शासनकाल में किसानों को जितना गन्ने का भुगतान किया था, उससे कहीं अधिक भुगतान भारतीय जनता पार्टी की योगी आदित्यनाथ सरकार में हुआ है। सपा-बसपा और कांग्रेस पर बरसते हुए श्री नड्डा ने कहा कि गन्ना का भुगतान हमारी विकास की नीति को रेखांकित करता है, जबकि जिन्ना उनकी राजनीति का आधार

है। हम गन्ने पर भी चुनाव लड़कर जनता का विश्वास जीतेंगे और जिन्ना वाली मानसिकता पर भी विजय प्राप्त करेंगे। मायावती सरकार के शासनकाल में लगभग 19 चीनी मिलें बंद हो गई और कई चीनी मिलें कौड़ियों के भाव बेच दी गईं। अखिलेश सरकार के समय भी लगभग 11 चीनी मिलें बंद हुईं लेकिन चीनी मिलों के खुलने का काम योगी आदित्यनाथ की भाजपा सरकार के समय शुरू हुआ है, हमारी सरकार में यूपी में एक भी चीनी मिल बंद नहीं हुई।

उत्तर प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में हुए व्यापक सुधार की चर्चा करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से योगी आदित्यनाथ सरकार ने उत्तर प्रदेश में विकास को एक नया आयाम दिया है। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे, गोरखपुर एक्सप्रेस-वे, गंगा लिंक एक्सप्रेस-वे, बाबा काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, विंध्याचल कॉरिडोर जैसे अनेक उदाहरण इसकी बानगी है। आज उत्तर प्रदेश का बजट 5.12 लाख करोड़ रुपये है जो सर्वाधिक है। योगी आदित्यनाथ सरकार में उत्तर प्रदेश में लगभग 86 लाख किसानों के लगभग 36,000 रुपये का कृषि ऋण माफ़ हुआ है। ■

बूथ अध्यक्षों से संवाद, एटा

'हर बूथ पर कमल खिलाना जरूरी है'

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने अपने उत्तर प्रदेश प्रवास के दूसरे दिन 12 दिसंबर, 2021 को एटा में ब्रज क्षेत्र के लगभग 28,222 बूथ अध्यक्षों के साथ संवाद किया और उन्हें विधान सभा चुनाव के मद्देनजर जीत का मंत्र दिया। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती बेबी रानी मौर्य, केंद्रीय मंत्री सर्वश्री अर्जुन राम मेघवाल, बीएल वर्मा, एसपी सिंह बघेल और राज्य सरकार में मंत्री सुरेश खन्ना, श्रीकांत शर्मा एवं क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद राजवीर सिंह सहित राज्य सरकार के कई वरिष्ठ मंत्रीगण, विधायक, क्षेत्र के सांसद, प्रदेश और क्षेत्र के पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे।

विपक्ष पर हमला करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि किसानों का नेता होने का दावा करने वाले तो कई हुए लेकिन इन लोगों ने किसानों के नाम पर केवल नेतागिरी की, उनका भला नहीं किया। किसानों का कल्याण हुआ और कृषि का विकास हुआ तो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में। कांग्रेस की सरकार में केवल एक बार किसानों का कर्ज माफ़ हुआ, वह भी केवल 57,000 करोड़ रुपये, जबकि श्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश के लगभग 11 करोड़ किसानों के बैंक एकाउंट में केवल एक योजना (किसान सम्मान निधि) में ही 1.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि पहुंचा दी है। भारत सरकार प्रति बोरी डीएपी पर 1200 रुपये की सब्सिडी दे रही है जिसके चलते 2400 रुपये की बोरी किसानों को महज 1200 रुपये में मिल रही है। करोड़ों किसान फसल बीमा योजना और स्वायल हेल्थ कार्ड योजना से लाभान्वित हुए हैं। किसान मानधन योजना के तहत लघु एवं सीमान्त किसानों के लिए मासिक पेंशन की व्यवस्था की गई है। प्रधानमंत्री सिंचाई योजना से हर खेत तक पानी उपलब्ध कराया जा रहा है और खेत से लेकर खलिहान तक फसल सुरक्षा कवच तैयार किया गया है।

> **कांग्रेस की सरकार में केवल एक बार किसानों का कर्ज माफ़ हुआ, वह भी केवल 57,000 करोड़ रुपये जबकि श्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश के लगभग 11 करोड़ किसानों के बैंक एकाउंट में केवल एक योजना (किसान सम्मान निधि) में ही 1.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि पहुंचा दी है**

उन्होंने कहा कि जब मैं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री था तो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से एटा में मेडिकल कॉलेज दिया गया। यूपी में दो-दो एम्स बनाए गए, कृषि विश्वविद्यालय स्थापित किया गया। डबल इंजन की सरकार में उत्तर प्रदेश में अब तक 30 मेडिकल कॉलेज बनाए जा चुके हैं और अगले साल तक ये बढ़कर 42 हो जायेंगे। अब उत्तर प्रदेश में स्टेट-वे की बजाय एक्स्प्रेस-वे का नेटवर्क बिछाया जा चुका है। कई रूट्स पर मेट्रो का काम शुरू हो गया है। आयुष्मान भारत, आवास योजना, गरीब कल्याण अन्न योजना– ये सभी उत्तर प्रदेश के विकास को गति दे रहे हैं। योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रदेश स्तर पर भी कई लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों की शुरुआत की है जिसके बल पर उत्तर प्रदेश की जनता को डबल इंजन की सरकार में डबल लाभ मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश दंगा मुक्त और माफिया मुक्त राज्य बना है। उत्तर प्रदेश के विकास के लिए ऐसे लोगों को घर बिठाना और हर बूथ पर कमल खिलाना जरूरी है। ■

अर्थव्यवस्था के नौ चुनिंदा क्षेत्रों में रोजगार में 29 प्रतिशत की भारी वृद्धि

आईटी/बीपीओ क्षेत्र में 152 प्रतिशत की शानदार वृद्धि हुई, जबकि स्वास्थ्य में 77 प्रतिशत, शिक्षा में 39 प्रतिशत, मैन्युफैक्चरिंग में 22 प्रतिशत, परिवहन में 68 प्रतिशत और निर्माण में 42 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई

अप्रैल से जून, 2021 की अवधि के लिए तिमाही रोजगार सर्वे (एक्यूईईएस) के पहले दौर के परिणाम के अनुसार छठी आर्थिक गणना (2013-14) के 9 चुनिंदा क्षेत्रों के सामूहिक 2.37 करोड़ की तुलना में नौ चुनिंदा क्षेत्रों में रोजगार बढ़कर 3.08 करोड़ हो गया। इस तरह रोजगार में 29 प्रतिशत की भारी वृद्धि दर्ज की गई। आईटी/बीपीओ क्षेत्र में 152 प्रतिशत की शानदार वृद्धि हुई, जबकि स्वास्थ्य में 77 प्रतिशत, शिक्षा में 39 प्रतिशत, मैन्युफैक्चरिंग में 22 प्रतिशत, परिवहन में 68 प्रतिशत और निर्माण में 42 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। यह जानकारी 20 दिसंबर को लोकसभा में केंद्रीय श्रम और रोजगार राज्यमंत्री श्री रामेश्वर तेली ने दी।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने अप्रैल, 2021 में अखिल भारतीय तिमाही प्रतिष्ठान आधारित रोजगार सर्वे (एक्यूईईएस) लॉन्च किया था।

वार्षिक सावधिक श्रम शक्ति सर्वे (पीएलएफएस) के अनुसार देश में सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) 2017-18 में 6, 2018-19 में 5.8 और 2019-20 में 4.8 है।

सरकार की प्राथमिकता रोजगार सृजन के साथ-साथ नियोजन के लिए कौशल में सुधार करना है। इसी के अनुसार भारत सरकार ने देश में रोजगार सृजन के लिए विभिन्न कदम उठाये हैं। भारत सरकार ठोस निवेश तथा सार्वजनिक व्यय वाली विभिन्न परियोजनाओं को प्रोत्साहन दे रही है। इनमें सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम मंत्रालय का प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), ग्रामीण विकास मंत्रालय की पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, आवास और शहरी कार्य मंत्रालय का दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) तथा कौशल विकास और उद्यमता मंत्रालय की प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) हैं।

भारत सरकार ने व्यवसाय को प्रोत्साहित करने और कोविड-19 के नकारात्मक प्रभाव को दूर करने के लिए आत्मनिर्भर भारत पैकेज की घोषणा की है। इस पैकेज के अंतर्गत सरकार 27 लाख करोड़ रुपये से अधिक का राजकोषीय प्रोत्साहन दे रही है। भारत सरकार की 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना' (पीएमजीकेवाई) ने कर्मचारी भविष्य निधि के अंतर्गत भारत 12 प्रतिशत नियोक्ता के शेयर और 12 प्रतिशत कर्मचारी के शेयर का योगदान दिया है। यह 15 हजार रुपये से कम आय वाले 90 प्रतिशत कर्मचारियों के साथ 100 कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों के लिए मार्च से अगस्त, 2020 के वेतन का कुल 24 प्रतिशत है।

सरकार ने रोजगार को प्रोत्साहित करने तथा घर से वापस आये श्रमिकों और 6 राज्यों— बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के 116 चुनिंदा जिलों में युवाओं सहित समान रूप से प्रभावित व्यक्तियों को आजीविका के अवसर प्रदान करने के लिए 20 जून, 2020 को 125 दिनों का गरीब कल्याण रोजगार अभियान (जीकेआरए) लॉन्च किया। इस अभियान से 50.78 करोड़ मानव दिवसों का रोजगार सृजन हुआ।

आत्मनिर्भर भारत पैकेज 3.0 के भाग के रूप में 1 अक्तूबर, 2020 से आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना (एबीआरवाई) लांच की गई। इसका उद्देश्य सामाजिक सुरक्षा लाभों के साथ नये रोजगारों का सृजन और कोविड-19 महामारी के दौरान रोजगार को हुए नुकसान की भरपाई के लिए नियोक्ताओं को संवेदी बनाना है। यह योजना कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के माध्यम से लागू की जा रही है, इसका उद्देश्य नियोक्ताओं के वित्तीय बोझ को कम करना और उन्हें अधिक श्रमिकों को रखने के लिए प्रोत्साहित करना है। लाभार्थियों के पंजीकरण के लिए अंतिम तिथि 30.06.2021 से बढ़ाकर 31.03.2022 तक कर दी गई है। 1.17 लाख प्रतिष्ठानों के माध्यम से 39.59 लाख लाभार्थियों को लाभ प्रदान किए गए हैं।

प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना शहरी क्षेत्रों के स्ट्रीट वेंडरों को कामकाजी पूंजी ऋण प्रदान करने के लिए 1 जून, 2020 को लॉन्च की गई। ऐसे स्ट्रीट वेंडरों के व्यवसाय पर कोविड-19 के कारण प्रतिकूल प्रभाव पड़ा था। इस योजना के अंतर्गत 26.46 लाख लाभार्थियों को 2641.46 करोड़ रुपये दिये गये हैं।

स्वरोजगार में सुविधा प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) लागू की जा रही है। इसमें सूक्ष्म/लघु व्यवसाय उद्यमों तथा व्यक्तियों को अपनी व्यावसायिक गतिविधियां तेज करने या बढ़ाने में सक्षम बनाने के लिए बिना गारंटी के 10 लाख रुपये तक के ऋण का प्रावधान है। योजना के अंतर्गत 31.28 करोड़ ऋण नवम्बर, 2021 तक मंजूर किए गए हैं।

इन पहलों के अतिरिक्त मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्मार्ट सिटी मिशन, अटल नवीकरण तथा शहरी परिवर्तन मिशन, सभी के लिए आवास, आधारभूत संरचना विकास, औद्योगिक गलियारों तथा उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) जैसे सरकार के अग्रणी कार्यक्रमों का उद्देश्य भी उत्पादक रोजगार के अवसरों का सृजन करना है।

सेमीकंडक्टरों और डिस्प्ले इकोसिस्टम के विकास के लिए 76,000 करोड़ रुपये के व्यापक कार्यक्रम को मिली मंजूरी

यह कार्यक्रम इलेक्ट्रॉनिक सामग्रियों के उत्पादन में उच्च घरेलू मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देगा और 2025 तक 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था और 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद के लक्ष्य तक पहुंचने में महत्वपूर्ण योगदान देगा

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 15 दिसंबर को भारत को इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिजाइन एवं विनिर्माण के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से देश में सेमीकंडक्टरों और डिस्प्ले इकोसिस्टम के विकास के लिए 76,000 करोड़ रुपये के व्यापक कार्यक्रम को मंजूरी दी। यह कार्यक्रम सेमीकंडक्टरों और डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग के साथ-साथ डिजाइन के क्षेत्र में कंपनियों को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी प्रोत्साहन पैकेज प्रदान करके इलेक्ट्रॉनिक सामग्रियों के निर्माण में एक नए युग की शुरुआत करेगा। यह सामरिक महत्व तथा आर्थिक आत्मनिर्भरता के इन क्षेत्रों में भारत के प्रौद्योगिकीय नेतृत्व के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा।

बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के लिए पीएलआई, आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई, स्पेक्स योजना तथा उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर (ईएमसी 2.0) योजना के लिए पीएलआई के तहत 55,392 करोड़ रुपये (7.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर) की प्रोत्साहन सहायता राशि को मंजूरी दी गई। इसके अलावा, एसीसी बैटरी, ऑटो घटकों, दूरसंचार तथा नेटवर्किंग उत्पादों, सौर पीवी मॉड्यूल एवं व्हाइट गुड्स सहित संबद्ध क्षेत्रों के लिए 98,000 करोड़ रुपये (13 बिलियन अमेरिकी डॉलर) की पीएलआई प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की गई हैं। कुल मिलाकर, भारत सरकार ने आधारभूत बिल्डिंग ब्लॉक के रूप में देश को सेमीकंडक्टरों वाली इलेक्ट्रॉनिक सामग्रियों के निर्माण के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए 2,30,000 करोड़ रुपए (30 बिलियन अमेरिकी डॉलर) की सहायता दी है।

उपर्युक्त कार्यक्रम का उद्देश्य सिलिकॉन सेमीकंडक्टर फैब, डिस्प्ले फैब, कंपाउंड सेमीकंडक्टरों/सिलिकॉन फोटोनिक्स/सेंसर (एमईएमएस सहित) फैब, सेमीकंडक्टर पैकेजिंग (एटीएमपी/ओएसएटी), सेमीकंडक्टर डिजाइन के काम में लगी हुई कंपनियों/संघों को आकर्षक प्रोत्साहन सहायता प्रदान करना है।

सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स की नींव हैं, जो उद्योग 4.0 के तहत डिजिटल परिवर्तन के अगले चरण की ओर आगे बढ़ा रहे हैं। सेमीकंडक्टरों और डिस्प्ले प्रणालियों का उत्पादन बहुत जटिल तथा प्रौद्योगिकी की अधिकता वाला क्षेत्र है, जिसमें भारी पूंजी निवेश, उच्च जोखिम, लंबी अवधि और पेबैक अवधि तथा प्रौद्योगिकी में तेजी से बदलाव शामिल हैं और इसके लिए अत्यधिक एवं निरंतर निवेश की आवश्यकता होती है। यह कार्यक्रम पूंजी सहायता और प्रौद्योगिकीय सहयोग की सुविधा प्रदान करके सेमीकंडक्टरों और डिस्प्ले प्रणाली के उत्पादन को बढ़ावा देगा।

वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य में सेमीकंडक्टरों और डिस्प्ले के विश्वसनीय स्रोत रणनीतिक महत्व रखते हैं तथा महत्वपूर्ण सूचना बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए अनिवार्य हैं। स्वीकृत कार्यक्रम भारत की डिजिटल संप्रभुता सुनिश्चित करने के लिए नवाचार को बढ़ावा देगा तथा घरेलू क्षमताओं का निर्माण करेगा। यह देश के जनसांख्यिकीय लाभांश का दोहन करने के लिए अत्यधिक कुशल रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा।

सेमीकंडक्टर एवं डिस्प्ले प्रणाली के विकास का वैश्विक मूल्य शृंखला के साथ गहन एकीकरण के परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में अत्यधिक प्रभाव पड़ेगा। यह कार्यक्रम इलेक्ट्रॉनिक सामग्रियों के उत्पादन में उच्च घरेलू मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देगा और 2025 तक 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था और 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद के लक्ष्य तक पहुंचने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। ■

राष्ट्रव्यापी कोविड टीकाकरण के तहत अब तक लग चुके हैं 142.47 करोड़ से अधिक टीके

भारत का राष्ट्रव्यापी कोविड-19 टीकाकरण 28 दिसंबर की सुबह 7 बजे तक की रिपोर्ट के अनुसार 142.47 करोड़ (1,42,46,81,736) से अधिक हो गया। इस उपलब्धि को 1,51,91,424 टीकाकरण सत्रों के जरिये प्राप्त किया गया। महामारी की शुरुआत के बाद से देश में स्वस्थ होने वाले मरीजों की कुल संख्या बढ़कर 3,42,43,945 हो गई है।

नतीजतन, भारत में स्वस्थ होने की दर 98.40 % है। मार्च, 2020 के बाद से ये अधिकतम है। वर्तमान में 75,456 सक्रिय रोगी हैं। वर्तमान में ये सक्रिय मामले देश के कुल पुष्टि वाले मरीजों का 0.22 प्रतिशत हैं। यह मार्च, 2020 के बाद से सबसे कम है। भारत ने अब तक कुल 67.41 करोड़ (67,40,78,531) जांच की है। ■

नई पीढ़ी की परमाणु सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि पी' का सफल परीक्षण

'अग्नि पी' डुअल रिडनडेंट नेविगेशन तथा मार्गदर्शन प्रणाली के साथ एक दो चरणों वाली केनिस्ट्राइज्ड सॉलिड प्रोपेलेंट बैलिस्टिक मिसाइल है। इस उड़ान परीक्षण ने प्रणाली में एकीकृत सभी उन्नत प्रौद्योगिकियों के भरोसेमंद प्रदर्शन को साबित किया है

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 18 दिसंबर, 2021 को ओडिशा के तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से नई पीढ़ी की परमाणु सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि पी' का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। विभिन्न टेलीमेट्री, रडार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल स्टेशन और पूर्वी तट के साथ स्थित डाउन रेंज जहाजों ने मिसाइल ट्रेजेक्टरी और मानकों को ट्रैक किया तथा उनकी निगरानी की। इस मिसाइल ने उच्च स्तर की सटीकता के साथ सभी मिशन उद्देश्यों को पूरा करते हुए अपने लक्ष्य का अनुसरण किया।

'अग्नि पी' डुअल रिडनडेंट नेविगेशन तथा मार्गदर्शन प्रणाली के साथ एक दो चरणों वाली केनिस्ट्राइज्ड सॉलिड प्रोपेलेंट बैलिस्टिक मिसाइल है। इस दूसरे उड़ान परीक्षण ने प्रणाली में एकीकृत सभी उन्नत प्रौद्योगिकियों के भरोसेमंद प्रदर्शन को साबित किया है।

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने सफल उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ को बधाई दी और प्रणाली के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. जी. सतीश रेड्डी ने कई अतिरिक्त विशेषताओं के साथ दूसरी विकास उड़ान परीक्षण करने के लिए टीम

के प्रयासों की सराहना की तथा एक ही कैलेंडर वर्ष के भीतर लगातार सफलता के लिए बधाई दी। ■

वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 60% से अधिक की तीव्र गति से बढ़ा

वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए 16 दिसंबर, 2021 तक के प्रत्यक्ष कर संग्रह के आंकड़े बताते हैं कि पिछले वित्तीय वर्ष यानी वित्त वर्ष 2020-21 की इसी अवधि में 5,87,702.9 करोड़ रुपये की तुलना में जारी वित्तीय वर्ष में कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह 9,45,276.6 करोड़ रुपये है जो 60.8% की वृद्धि दर्शाता है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में (16.12.2021 तक) कुल संग्रह ने वित्त वर्ष 2019-20 की इसी अवधि के कुल संग्रह पर 40% की वृद्धि दर्ज की है, जब कुल संग्रह 6,75,409.5 करोड़ रुपये हुआ था और वित्त वर्ष 2018-19 की इसी अवधि के कुल संग्रह 6,70,739.1 करोड़ रुपये पर 40.93% की वृद्धि दर्ज की है।

कुल 9,45,276.6 करोड़ रुपये (16.12.2021 तक) के प्रत्यक्ष कर संग्रह में 5,15,870.5 करोड़ रुपये (कुल रिफंड) निगम कर (सीआईटी) और सुरक्षा लेनदेन कर (एसटीटी) सहित 4,29,406.1 करोड़ रुपये (कुल रिफंड) का व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) शामिल है। वित्तीय वर्ष 2021-22 (16.12.2021 तक) के लिए प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (रिफंड के लिए समायोजन से पहले) पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में कुल 7,33,715.2 करोड़ रुपये की तुलना में 10,80,370.2 करोड़ रुपये है। वित्त वर्ष 2019-20 में इसी अवधि के लिए सकल संग्रह 8,34,398 करोड़ रुपये और वह वित्त वर्ष 2018-19 के लिए सकल संग्रह 7,96,342 करोड़ रुपये था।

कुल 10,80,370.2 करोड़ रुपये के सकल संग्रह में 6,05,652.6 करोड़ रुपये का निगम कर (सीआईटी) और सुरक्षा लेनदेन कर (एसटीटी) सहित 4,74,717.6 करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) शामिल है। लघु शीर्षवार संग्रह (16.12.2021 तक) में 4,59,917.1 करोड़ रुपये का अग्रिम कर, 4,93,171.7 करोड़ रुपये स्रोत पर कर कटौती (टीडीसी), 74,336.2 करोड़ रुपये का स्व-मूल्यांकन कर, 44,028.7 करोड़ रुपये का नियमित मूल्यांकन कर, 6,525.9 करोड़ रुपये का लाभांश वितरण कर और अन्य मामूली शीर्षों के तहत 2390.6 करोड़ रुपये का कर शामिल है।

वित्तीय वर्ष 2021-22 की पहली, दूसरी और तीसरी तिमाही के लिए 16.12.21 तक संचयी अग्रिम कर संग्रह 4,59,917.1 करोड़ रुपए है जबकि इसके ठीक पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष यानी 2020-21 की इसी अवधि के लिए यह 2,99,620.5 करोड़ रुपये थी। इस पर वर्ष 2020-21 का अग्रिम कर संग्रह 53.5% (लगभग) की वृद्धि दर्शाता है। इसके अलावा, 16.12.2021 (वित्त वर्ष 2021-22) को 4,59,917.1 करोड़ रुपये का संचयी अग्रिम कर संग्रह पिछले वित्त वर्ष 2019-20 में इसी अवधि में अग्रिम कर संग्रह (संचयी) 3,18,929.4 करोड़ रुपये की तुलना में 44.21% की वृद्धि दर्शाता है और वित्त वर्ष 2018-19 में इसी अवधि में अग्रिम कर संग्रह (संचयी) 3,07,096.3 करोड़ रुपये पर 49.76% की वृद्धि दर्शाता है। ■

सिद्धांत और नीतियां

पं. दीनदयाल उपाध्याय

जनवरी, 1965 में विजयवाड़ा में जनसंघ के बारहवें सार्वदेशिक अधिवेशन में स्वीकृत दस्तावेज

राष्ट्रीय सुरक्षा

राष्ट्र की सीमाओं का व्याप, उनकी स्थिति, अंतरराष्ट्रीय राजनीति, पड़ोसियों की नीति और तैयारी का ध्यान रखकर सुरक्षा बल की सभी शाखाओं का पर्याप्त विकास कर उन्हें आधुनिकतम शस्त्रास्त्रों से सुसज्जित किया जाए।

देश की अर्थनीति और विदेश नीति के निर्धारण में सुरक्षा की आवश्यकताओं पर विशेष बल दिया जाए। राष्ट्र को मानसिक एवं शारीरिक, दोनों दृष्टियों से सुरक्षा सन्नद्ध करने के लिए जनसंघ निम्नलिखित कदम उठाना आवश्यक समझता है-

1. राष्ट्र के युवकों के लिए दो वर्ष की अनिवार्य सैनिक भरती।
2. सुरक्षा सेनाओं की सभी शाखाओं का स्वरूप और अंतःस्फूर्ति दोनों दृष्टियों से पूर्ण भारतीयकरण।
3. रक्षा संबंधी उद्योगों का पर्याप्त विकास।
4. परमाणु अस्त्रों का निर्माण।
5. एक विशाल प्रादेशिक सेना का संगठन।

सीमांत क्षेत्रों का विकास

सीमांत क्षेत्रों के विकास की विशेष व्यवस्था होनी चाहिए तथा वहां के निवासियों को पूर्णतः सुसज्जित किया जाए, जिससे वे एक दृढ रक्षापंक्ति का काम कर सकें तथा सीमा के छोटे-मोटे उल्लंघनों को रोक सकें। पाकिस्तान से लगी सीमा के क्षेत्रवासी पाकिस्तान की घुसपैठ की योजनाओं को निष्फल करने में समर्थ हो सकें, इस दृष्टि से उस क्षेत्र की रचना की जाए।

भाषा नीति

भारत में अनेक भाषाएं और बोलियां हैं। वे भारतीय जीवन की आधारभूत एकता की अभिव्यक्ति का प्रभावी माध्यम रही हैं। उनमें कोई प्रकृति भेद नहीं है, प्रत्युत उनका संस्कृत के साथ आधारभूत संबंध होने के कारण तथा समान विचारधारा, समान धर्म, समान ज्ञान-विज्ञान होने के कारण उनकी एक बड़ी समान शब्दावली है तथा एक ही समाज की भावनाओं की अभिव्यक्ति के कारण उनके साहित्य की आत्मा एक है। पश्चिम के ज्ञान और विज्ञान को प्रकट करने के लिए आज सभी भारतीय भाषाओं में पारिभाषिक शब्दावली के सृजन की आवश्यकता है। केंद्र के निर्देशन में समान शब्दावली का निर्माण इस कार्य को सुकर बनाएगा तथा इन भाषाओं के स्वरूप की निकटता को आगे बढ़ाएगा।

शासन और शिक्षा, उद्योग और व्यापार सभी क्षेत्रों में स्वभाषाओं का प्रयोग स्वराज्य की स्वाभाविक परिणति है। राष्ट्रीय मनीषा को प्रकट करनेवाले जन-व्यवहार तथा जन आंदोलनों के परिणामस्वरूप भारतीय भाषाओं के प्रयोग क्षेत्र का एक ऐतिहासिक तथ्य के रूप में विकास हुआ है। हमारा कर्तव्य है कि इस ऐतिहासिक प्रक्रिया को आगे बढ़ाएं। शासन एवं शिक्षा के क्षेत्र की भाषा नीति का निर्धारण इसी आधार पर होना चाहिए।

राष्ट्रभाषा संस्कृत

संस्कृत सदैव से भारत की राष्ट्रभाषा रही है। संस्कृत को इस रूप में मान्यता मिलनी चाहिए तथा विशेष संस्कार के अवसरों पर उसका प्रयोग करना चाहिए।

राजभाषा

भारत की भाषाओं में हिंदी ही सर्वाधिक समझी जानेवाली तथा पिछले अनेक वर्षों अखिल भारतीय भाषा के रूप में विकासमान भाषा है। संविधान ने उसे केंद्रीय भाषा के रूप में अंगीकार कर इस तथ्य को स्वीकार किया है। देवनागरी लिपि में हिंदी का प्रयोग केंद्रीय राजभाषा के रूप में होना चाहिए।

विभिन्न प्रदेशों में वहां की भाषाएं राज-काज में प्रयुक्त होनी चाहिए। केंद्रीय शासन के जिन विभागों का जनता के साथ सीधा संबंध है, वहां क्षेत्रीय भाषाओं का व्यवहार हो।

भारतीय भाषाओं के राजभाषा के रूप में व्यवहार के कारण राजसेवा में भरती तथा पदोन्नति के संबंध में उन व्यक्तियों के मन में आशंकाएं पैदा हो सकती हैं, जिनको इन भाषाओं का पर्याप्त ज्ञान नहीं है। अंतरिम काल के लिए उन्हें इस विषय में आश्वस्ति देनी चाहिए।

अनुसूचित भाषाएं

भारत की सभी भाषाएं राष्ट्रीय भाषाएं हैं। अतः भारत के किसी भी भू-भाग में किसी भी अनुसूचित भाषा में प्रशासनाधिकारियों को आवेदन देने पर प्रतिबंध नहीं होना चाहिए। सिंधी का अनुसूचित भाषाओं में समावेश हो।

उर्दू अलग भाषा न होकर हिंदी की एक शैली है, जिसका साहित्य में महत्त्वपूर्ण स्थान है। उसके विकास के लिए आवश्यक है कि वह नागरी लिपि में लिखी जाए।

संविधान में अनुसूचित भाषाओं के अतिरिक्त भी भारत में अनेक लोकभाषाएं हैं। इनका विकास तथा संबंधित क्षेत्रीय भाषा के साथ उनका निकट का संबंध दोनों के लिए पोषक होगा तथा हमारे साहित्य को सही अर्थ में जनजीवन का आदर्श बनाएगा।

शिक्षा

शिक्षा व्यक्ति का सामाजिक अधिकार है। शिक्षा के द्वारा व्यक्ति समाज के साथ एकात्म होता है तथा अपने व्यक्तित्व की साधना के मार्ग तथा लक्ष्य को पाता है। शिक्षा के सहारे मानव की अद्यतन संचित ज्ञाननिधि हस्तांतरित होती है। इस पूंजी को लेकर ही मानव समष्टि को अपना योगदान करता है। शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति को इस योग्य बनाना है कि वह अपनी वृत्ति का अनुपालन करता हुआ राष्ट्र के एक उत्तरदायी एवं संवेदनशील घटक के के नाते अपने कर्तव्यों का निर्वाह कर सके। साक्षरता, पुस्तक ज्ञान तथा तंत्रपटुता के साथ शारीरिक शक्ति का विकास, बुद्धि उद्बोधन, शील-संवर्धन, आदर्शों का प्रतिस्थापन, सामाजिकता एवं शिष्टाचार का स्वभाव-निर्माण शिक्षा के प्रमुख उद्देश्य हैं। स्पष्ट है कि यह शिक्षा राष्ट्रीय जीवन मूल्यों से अलग हटकर नहीं दी जा सकती। इस दृष्टि से शिक्षा के भारतीयकरण तथा अभिनवीकरण की आवश्यकता है, जिसकी कमी का अनुभव बहुत दिनों से व्यापक रूप से होते हुए भी उसे पूरा करने केलिए कोई क़दम नहीं उठाए गए।

शिक्षा व्यक्ति का सामाजिक अधिकार है। शिक्षा के द्वारा व्यक्ति समाज के साथ एकात्म होता है तथा अपने व्यक्तित्व की साधना के मार्ग तथा लक्ष्य को पाता है

शिक्षा व्यवस्था

प्रजा को शिक्षा की उपेक्षा न करने देना, शिक्षा संबंधी कार्यों में उनकी सहायता करना, प्रत्येक स्थान पर विद्वान् गुरुओं का प्राचुर्य रखना, देशकाल निमित्तों को शिक्षा के अनुकूल रखना, स्थान-स्थान पर शिक्षाश्रमों की व्यवस्था करना, स्नातकों एवं आचार्यों का योगक्षेम करना, सर्वतः उनके उत्साह को बढ़ाए रखना राज्य के परंपरागत कर्तव्य हैं।

राज्य की शिक्षा नीति का निम्नलिखित लक्ष्य होना चाहिए

1. माध्यमिक स्तर तक प्रत्येक बालक और बालिका के लिए अनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षा का प्रबंध। यह स्तर इतना हो कि व्यक्ति विषयों के सामान्य ज्ञान के साथ आवश्यकतानुसार जीविकोपार्जन की क्षमता प्राप्त कर सके।
2. उच्च शिक्षा के लिए इच्छुक विद्यार्थियों के शिक्षण की उपयुक्त एवं पर्याप्त व्यवस्था।

स्वायत्त शिक्षा

शिक्षा का व्यय राज्य द्वारा वहन होने के उपरांत भी उसका सरकारीकरण नहीं होना चाहिए। प्रत्येक क्षेत्र में शिक्षा संस्थाओं का प्रबंध करने के लिए शिक्षकों तथा शिक्षाविदों के स्वायत्त निकाय होने चाहिए। सरकार के विभाग के रूप में उनका चलाना ठीक नहीं। सरकारी और ग़ैर-सरकारी शिक्षण संस्थाओं का भेद समाप्त कर देना चाहिए। सभी क्षेत्रों के शिक्षकों के वेतनक्रम एवं अन्य सुविधाएं ऐसी हों, जिससे योग्य व्यक्ति शिक्षा के क्षेत्र में आने में संकोच न करे। शिक्षा संस्थाओं को मैनेजरों अथवा प्रबंध समिति की निजी संपत्ति बनने देना उचित नहीं।

शिक्षा समाज में भेद निर्माण करनेवाली न होकर उसमें एकात्म भाव निर्माण करनेवाली हो। भारत के 'पब्लिक स्कूल' इस उद्देश्य के प्रतिकूल हैं। आवश्यकता है कि सभी शिक्षण संस्थाओं का स्तर ऊंचा उठाया जाए।

शिक्षा का माध्यम

स्वभाषा के बिना जनता का विकास संभव नहीं है। जब तक भारतीय भाषाओं को शिक्षा का माध्यम नहीं बनाया जाता, तब तक न तो हम सभी जनों को साक्षर और शिक्षित कर सकेंगे और न उस पैमाने पर तंत्र एवं अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञ उत्पन्न कर सकेंगे, जिनकी हमारी विकास योजनाओं को आवश्यकता है। मौलिक चिंतन तथा खोज तो परायी भाषा द्वारा प्राप्त ज्ञान में सहज संभव ही नहीं।

जनसंघ अंग्रेज़ी या अन्य विदेशी भाषाओं का विरोधी नहीं। दुनिया के विभिन्न देशों के साथ संपर्क बढ़ाने तथा ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए हमें अंग्रेजी, जर्मन, फ्रेंच, रूसी, स्पैनिश, जापानी, स्वाहिली, अरबी, फारसी आदि अनेक भाषाओं का अध्ययन करना होगा। आज शिक्षा के क्षेत्र में अंग्रेजी के प्रभुत्व एवं एकाधिकार ने हमें इन भाषाओं से भी दूर कर दिया है। फलतः आज हम दुनिया को अंग्रेजी भाषा-भाषी जगत् के चश्मे से ही देख रहे हैं। अंग्रेजी हमको दुनिया के साथ जोड़नेवाली कड़ी नहीं, बल्कि बहुत बड़े भाग से तोड़नेवाली कड़ी सिद्ध हो रही है।

शिक्षा क्षेत्र में भाषा के संबंध में यह नीति होनी चाहिए—

1. प्रारंभिक शिक्षा मातृभाषा में दी जाए।
2. माध्यमिक तथा उच्च शिक्षा प्रादेशिक भाषा के माध्यम से दी जाए और हिंदी का अध्ययन अनिवार्य हो।
3. हिंदीभाषी विद्यार्थियों के लिए किसी अन्य भारतीय भाषा का ज्ञान आवश्यक हो।
4. राष्ट्र-भाषा संस्कृत की शिक्षा अनिवार्य हो।

जहां क्षेत्रीय भाषा के अतिरिक्त किसी दूसरी भाषा के विद्यार्थियों की पर्याप्त संख्या हो, वहां उस भाषा के माध्यम से शिक्षा की व्यवस्था की जाए। हिंदी माध्यम से पढ़ानेवाली शिक्षण संस्थाओं की देश भर में व्यवस्था हो।

युवा आगे आकर, भारत के भाग्य विधाता बनें : नरेन्द्र

स्वामी विवेकानंद की जयंती का ये दिन, हम सभी को नई प्रेरणा देता है। आज का दिन विशेष इसलिए भी हो गया है कि इस बार युवा संसद, देश की संसद के सेंट्रल हॉल में हो रही है। ये सेंट्रल हॉल हमारे संविधान के निर्माण का गवाह है। देश के अनेक महान व्यक्तियों ने यहां आज़ाद भारत के लिए फैसले लिए, भारत के भविष्य के लिए चिंतन किया। भविष्य के भारत को लेकर उनका सपना, उनका समर्पण, उनका साहस, उनका सामर्थ्यय, उनके प्रयास, इसका एहसास आज भी सेंट्रल हॉल में होता है और साथियों, आप जहां बैठे हैं, उसी सीट पर जब संविधान की निर्माण प्रक्रिया चली थी, इस देश के किसी न किसी गणमान्यै महापुरुष वहां बैठे होंगे, आज आप उस सीट पर बैठे हैं। मन में कल्पना कीजिए कि जिस जगह पर देश के वो महापुरुष बैठे थे आज वहां आप बैठे हैं। देश को आपसे कितनी अपेक्षाएं हैं। मुझे विश्वास है, ये अनुभव इस समय सेंट्रल हॉल में बैठे सभी युवा साथियों को भी हो रहा होगा।

आप सभी ने जो यहां संवाद किया, मंथन किया, वो भी बहुत महत्वपूर्ण है। इस दौरान स्पर्धा में जो विजेता हुए हैं, उनको मैं बधाई देता हूं, अपनी शुभकामनाएं देता हूं। और यहां जब मैं आपको सुन रहा था तो मुझे विचार आया और इसलिए मैंने मन ही मन तय किया कि आपके जो भाषण हैं, उसको मैं आज मेरे ट्वीटर हैंडल पर से ट्वीट करूंगा। और आप तीन का ही करूंगा, ऐसा नहीं अगर रिकार्डेड मेटेरियल available होगा तो मैं जो कल फाइनल पैनल में थे उनके लिए भी उनके भाषण को ट्वीट करूंगा ताकि देश को पता चले कि संसद के इस परिसर में हमारे भावी भारत कैसे आकार ले रहा है। मेर लिए ये बहुत गर्व की बात होगी कि मैं आज आपके भाषण को ट्वीट करूंगा।

स्वामी जी ने जो देश और समाज को दिया है, वो समय और स्थान से परे, हर पीढ़ी को प्रेरित करने वाला है, रास्ता दिखाने वाला है। आप देखते होंगे कि भारत का शायद ही ऐसा कोई गाँव हो, कोई शहर हो, कोई व्यक्ति हो, जो स्वामी जी से खुद को जुड़ा महसूस न करता हो, उनसे प्रेरित न होता हो। स्वामी जी की प्रेरणा ने आजादी की लड़ाई को भी नई ऊर्जा दी थी। गुलामी के लंबे कालखंड ने भारत को हज़ारों वर्षों की अपनी ताकत और ताकत के एहसास से दूर कर दिया था। स्वामी विवेकानंद ने भारत को उसकी वो ताकत याद दिलाई, अहसास कराया, उनमें सामर्थ्य को, उनके मन–मष्तिष्क को पुनर्जीवित किया, राष्ट्रीय चेतना को जागृत किया। आप ये जानकर हैरान रह जाएंगे कि उस समय क्रांति के मार्ग से भी और शांति के मार्ग से भी दोनों ही तरह से जो आजादी के लिए जंग चल रहा था, आजादी की लड़ाई लड़ रहे थे वो कहीं न कहीं स्वामी विवेकानंद जी से प्रेरित थे। उनकी गिरफ्तारी के समय, फांसी के समय, स्वामी जी से जुड़ा साहित्य जरूर पुलिस के हाथ आता था। तब इसका बाकायदा अध्ययन करवाया गया था कि स्वामी विवेकानंद जी के विचारों में ऐसा क्या है जो लोगों को देशभक्ति के लिए, राष्ट्रनिर्माण के लिए, आजादी के लिए मर–मिटने की प्रेरणा देता है, हर नौजवान के मस्तिष्क को इतना प्रभावित करता है। समय गुजरता गया, देश आजाद हो गया, लेकिन हम आज भी देखते हैं स्वा्मी जी हमारे बीच ही होते हैं, प्रतिपल हमें प्रेरणा देते हैं, उनका प्रभाव हमारी चिंतनधारा में कहीं न कहीं नजर आता है। अध्यात्म को लेकर उन्होंने जो कहा, राष्ट्रवाद–राष्ट्रनिर्माण–राष्ट्र हित को लेकर उन्होंने जो कहा, जनसेवा से जगसेवा को लेकर उनके विचार आज हमारे मन–मंदिर में उतनी ही तीव्रता से प्रवाहित होते हैं। मुझे विश्वास है, आप युवा साथी भी इस बात को जरूर महसूस करते होंगे। कहीं पर भी विवेकानन्दप जी की तस्वीर देखते होंगे, कल्पकना तक आपको नहीं होगी, मनोमन आपके मन में एक श्रद्धा का भाव जगता होगा, सर उनको नमन

करता होगा, ये अवश्य होता होगा।

स्वामी विवेकानंद ने एक और अनमोल उपहार दिया है। ये उपहार है, व्यक्तियों के निर्माण का, संस्थाओं के निर्माण का। इसकी चर्चा बहुत कम ही हो पाती है। लेकिन हम अध्ययन करेंगे तो पाएंगे कि स्वामी विवेकानंद ने ऐसी संस्थाओं को भी आगे बढ़ाया जो आज भी व्यक्तित्व के निर्माण का काम बखूबी कर रही हैं। उनके संस्कासर, उनका सेवाभाव, उनका समर्पण भाव लगातार जगाती रहती है। व्यक्ति से संस्था का निर्माण और संस्था से अनेक व्यक्तियों का निर्माण, ये एक अनवरत–अविलम्ब–अबाधित चक्र है, जो चलता ही जा रहा है। लोग स्वामी जी के प्रभाव में आते हैं, संस्थानों का निर्माण करने की प्रेरणा लेते हैं, संस्था का निर्माण करते हैं, फिर उन संस्थानों से उसकी व्यंवस्थार से, प्रेरणा से, विचार से, आदर से ऐसे लोग निकलते हैं जो स्वामी जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए नए लोगों को खुद से जोड़ते चलते हैं। Individual से Institutions और Institutions से फरि Individual ये चक्र आज भारत की बहुत बड़ी ताकत है। आप लोग entrepreneurship के बारे में बहुत सुनते हैं। वो भी तो कुछ यही है। एक brilliant individual, एक शानदार कंपनी बनाता है। बाद में उस कंपनी में जो इकोसिस्टम बनता है, उसकी वजह से वहां अनेकों brilliant individuals बनते हैं। ये Individuals आगे जाकर और नई कंपनियां बनाते हैं। Individuals और Institutions का ये चक्र देश और समाज के हर क्षेत्र, हर स्तर के लिए उतना ही महत्वपूर्ण है।



आज जो देश में नई नेशनल एजुकेशन पॉलिसी लागू की गई है, उसका भी बहुत बड़ा फोकस बेहतर ndividuals के निर्माण पर है। व्यशक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण ये पॉलिसी, युवाओं की इच्छा, युवाओं के कौशल, युवाओं की समझ, युवाओं के फैसले को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। अब आप चाहे जो सबजेक्ट चुनिए, चाहे जो कॉम्बिनेशन चुनिए, चाहे जो स्ट्रीम चुनिए। एक कोर्स को ब्रेक देकर आप दूसरा कोर्स शुरू करना चाहें तो आप वो भी कर सकते हैं। अब ये नहीं होगा कि पहले वाले कोर्स के लिए आपने जो मेहनत की थी, वो बेकार हो जाएगी। आपको उतनी पढ़ाई का भी सर्टिफिकेट मिल जाएगा, जो आगे ले जाएगा।

आज देश में एक ऐसा इकोसिस्टम विकसित किया जा रहा है, जिसकी तलाश में अक्सर हमारे युवा विदेशों का रुख करते थे। वहां की आधुनिक शिक्षा, बेहतर Entreprise Opportunities, टैलेंट को पहचानने वाली, सम्मान देने वाली व्यवस्था उन्हें स्वाभाविक रूप से आकर्षित करती थी। अब देश में ही ऐसी व्यवस्था हमारे युवा साथियों को मिले, इसके लिए हम प्रतिबद्ध भी हैं, हम प्रयासरत भी हैं। हमारा युवा खुलकर अपनी प्रतिभा, अपने सपनों के अनुसार खुद को विकसित कर सके, इसके लिए आज एक इन्वायरमेंट तैयार किया जा रहा है, इको–सिस्टम तैयार की जा रही है, शिक्षा व्यवस्था हो, समाज व्यवस्था हो, कानूनी बारीकियां हो, हर चीज में इन बातों को केन्द्र में रखा जा रहा है। स्वामी जी का बहुत जोर, उस बात पर भी था, जिसको हमें कभी नहीं भूलना चाहिए। स्वामी जी हमेशा कहते थे और वो इस बात पर बल देते थे, वे शारीरिक ताकत पर भी बल देते थे, मानसिक ताकत पर भी बल देते थे। वो कहते थे Muscles of Iron and Nerves of Steel-.। उनकी प्रेरणा से आज भारत के युवाओं की शारीरिक और मानसिक फिटनेस पर विशेष फोकस किया जा रहा है। Fit India Movement हो, योग के प्रति जागरूकता हो या फिर ेचवतजे से जुड़े आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण, ये युवाओं को मानसिक और शारीरिक रुप से सुदृढ़ कर रहे हैं।

आजकल आप लोग कुछ Terms बार–बार सुनते होंगे, आपके कान पर आता रहता है। Personality Development और Team Management इनकी बारीकियों को भी आप स्वामी विवेकानंद का अध्ययन करने के बाद और आसानी से समझ पाएंगे। Personality development का उनका मंत्र था– *Believe in Yourself* अपने–आप पर भरोसा करो, अपने–आप पर विश्वास करो। Leadership का उनका मंत्र था– *Believe in All* वो कहते थे–"पुराने धर्मों के मुताबिक नास्तिक वो है जो ईश्वर में भरोसा नहीं करता। लेकिन नया धर्म कहता है नास्तिक वो है जो खुद में भरोसा नहीं करता।" और जब नेतृत्व की बात आती थी, तो वो खुद से भी पहले अपनी टीम पर भरोसा जताते थे। मैंने कहीं पढ़ा था, वो किस्सा मैं आपको भी सुनाना चाहता हूं। एक बार स्वामी जी

अपने साथी स्वामी शारदानंद जी के साथ लंदन में एक पब्लिक लैक्चर के लिए गए थे। सब तैयारी हो चुकी थी, सुनने वाले इकट्ठा हो चुके थे और स्वाभाविक है, हर कोई स्वामी विवेकानन्द को सुनने के लिए आकर्षित होकर आया था। लेकिन जैसे ही बोलने का नंबर आया तो स्वामी जी ने कहा कि आज भाषण मैं नहीं बल्कि मेरे सहयोगी शारदानंद जी देंगे!शारदानंद जी ने तो सोचा भी नहीं था कि अचानक उनके जिम्मे काम आ जाएगा! वो इसके लिए तैयार भी नहीं थे। लेकिन जब शारदानंद जी ने भाषण देना शुरू किया तो हर कोई चकित हो गया, उनसे प्रभावित हो गया और उनसे प्रभावित हुआ। ये होती है लीडरशिप और अपनी टीम के लोगों पर भरोसा करने की ताकत! आज हम जितना स्वामी विवेकानंद जी के बारे में जानते हैं, उसमें बहुत बड़ा योगदान स्वामी शारदानंद जी का ही है।

ये स्वामी जी ही थे, जिन्होंने उस दौर में कहा था कि निडर, बेबाक, साफ दिल वाले, साहसी और आकांक्षी युवा ही वो नींव है जिस पर राष्ट्र के भविष्य का निर्माण होता है। वो युवाओं पर, युवा शक्ति पर इतना विश्वास करते थे। अब आपको, उनके इस विश्वास की कसौटी पर खरा उतरना है। भारत को अब नई ऊंचाइयों पर ले जाने का काम, देश को आत्मनिर्भर बनाने का काम आप सब युवाओं को ही करना है। अब आप में से कुछ युवा सोच सकते हैं कि अभी तो हमारी इतनी उम्र ही नहीं हुई है। अभी तो हंसने, खेलने, जिंदगी में मौज करने की उम्र है। साथियों, जब लक्ष्य स्पष्ट हो, इच्छाशक्ति हो, तो उम्र कभी बाधा नहीं बनती है। उम्र इतनी मायने नहीं रखती। आप हमेशा याद रखिएगा कि गुलामी के समय में आजादी के आंदोलन की कमान युवा पीढ़ी ने ही संभाली थी। जानते हैं शहीद खुदीराम बोस जब फांसी पर चढ़े तो उनकी उम्र क्या थी? सिर्फ 18–19 साल। भगत सिंह को फांसी लगी तो उनकी उम्र कितनी थी? सिर्फ 24 साल। भगवान बिरसा मुंडा जब शहीद हुए तो उनकी आयु कितनी थी? बमुश्किल 25 साल। उस पीढ़ी ने ये ठान लिया था कि देश की आजादी के लिए ही जीना है, देश की आजादी के लिए मरना है। लॉयर्स, डॉक्टर्स, प्रोफेसर्स, बैंकर्स, अलग–अलग प्रोफेशन से Young Generation के लोग निकले और सबने मिलकर हमें आजादी दिलाई।

हम उस कालखंड में पैदा हुए हैं, मैं भी आजाद हिन्दुस्तान में जन्मा हूं। मैंने गुलामी देखी नहीं है और मेरे सामने आप जो बैठे हैं, आप सब भी आजादी में पैदा हुए हैं। हमें देश की स्वतंत्रता के लिए मरने का मौका नहीं मिला लेकिन हमें आजाद भारत को आगे बढ़ाने के लिए मौका जरूर मिला है। ये मौका हमें गवांना नहीं है। देश के मेरे युवा साथियों, आजादी के 75 साल से लेकर आजादी के 100 साल होने आने वाले 25–26 साल बहुत ही महत्वपूर्ण है। 2047 जब आजादी के 100 साल होंगे। ये 25–26 साल की यात्रा बहुत महत्वपूर्ण है। साथियों, आप भी सोचिए, आप आज जिस उम्र में हैं अब से जो समय शुरू हो रहा है अपना वो आपके जीवन का स्वर्णिम काल है, उत्तम काल है और वही कालखंड भारत को भी आजादी के 100 साल की तरफ ले जा रहा है। मतलब आपके विकास की उंचाइयां, आजादी के 100 साल की सिद्धियां, दोनों कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं, मतलब आपकी जिंदगी के आने वाले 25–26 साल, देश के आने वाले 25–26 साल के बीच बहुत बड़ा तालमेल है, बहुत बड़ी अहमियत है। अपने जीवन के इन वर्षों में सर्वोच्च प्राथमिकता देश को दीजिए, देश की सेवा को दीजिए। विवेकानंद जी कहते थे कि ये सदी भारत की है। इस सदी को भारत की सदी, आपको ही बनाना है। आप जो भी करिए, जो भी फैसला लीजिए, उसमें ये जरूर सोचिए कि इससे देश का क्या हित होगा?

स्वामी विवेकानंद जी कहते थे कि हमारे युवाओं को आगे आकर राष्ट्र का भाग्यविधाता बनना चाहिए। इसलिए ये आपकी ज़िम्मेदारी है कि भारत के भविष्य का नेतृत्व करें। और आपकी ये ज़िम्मेदारी देश की राजनीति को लेकर भी है। क्योंकि राजनीति Politics देश में सार्थक बदलाव लाने का एक सशक्त माध्यम है। हर क्षेत्र की तरह Politics को भी युवाओं की बहुत ज्यादा जरूरत है। नई सोच, नई ऊर्जा,

नए सपने, नया उमंग देश की राजनीति को इसकी बहुत जरूरत है।

पहले देश में ये धारणा बन गई थी कि अगर कोई युवक राजनीति की तरफ रुख करता था तो घर वाले कहते थे कि अब बच्चा बिगड़ रहा है। क्योंकि राजनीति का मतलब ही बन गया था– झगड़ा, फसाद, लूट–खसोट, भ्रष्टाचार! न जाने क्या–क्या लेबल लग गए थे। लोग कहते थे कि सब कुछ बदल सकता है लेकिन सियासत नहीं बदल सकती। लेकिन आज आप देखिए, आज देश की जनता, देश के नागरिक इतने जागरूक हुए हैं कि राजनीति में वो ईमानदार लोगों के साथ खड़े होते हैं। ईमानदार लोगों को मौका देते हैं। देश की सामान्य जनता ईमानदार, समर्पित, सेवाभावी, राजनीति में आए हुए लोगों के साथ डटकर खड़ी रहती है। Honesty –Performance आज की राजनीति की पहली अनिवार्य शर्त होती जा रही है। और देश में जो जागरूकता आई है उसने यह दवाब पैदा किया है। भ्रष्टाचार जिनकी legacy थी, उनका भ्रष्टाचार ही आज उन पर बोझ बन गया है। और यह देश के सामान्य नागरिक की जागरुकता की ताकत है वो लाख कोशिशों के बाद भी इससे उबर नहीं पा रहे हैं। देश अब ईमानदारों को प्यार दे रहा है, ईमानदारों को आशीर्वाद दे रहा है, ईमानदारों के साथ अपनी ताकत खड़ी कर देता है, अपना विश्वास दे रहा है। अब जनप्रतिनिधि भी ये समझने लगे हैं कि अगले चुनावों में जाना है तो CV स्ट्रॉग होना चाहिए, कामों का हिसाब पुख्ता होना चाहिए। लेकिन साथियों, कुछ बदलाव अभी भी बाकी हैं, और ये बदलाव देश के युवाओं को, आपको ही करने हैं। लोकतंत्र का एक सबसे बड़ा दुश्मन पनप रहा है और वो है– राजनीतिक वंशवाद। राजनीतिक वंशवाद देश के सामने ऐसी ही चुनौती है जिसे जड़ से उखाड़ना है। ये बात सही है कि अब केवल सरनेम के सहारे चुनाव जीतने वालों के दिन लदने लगे हैं। लेकिन राजनीति में वंशवाद का ये रोग अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। अभी भी ऐसे लोग हैं, जिनका विचार, जिनका आचार, जिनका लक्ष्य, सब कुछ अपने परिवार की राजनीति और राजनीति में अपने परिवार को बचाने का ही है।

ये राजनीतिक वंशवाद लोकतंत्र में एक नए रूप के तानाशाही के साथ ही देश पर अक्षमता का बोझ भी बढ़ावा देता है। राजनीतिक वंशवाद, Nation First के बजाय सिर्फ मैं और मेरा परिवार, इसी भावना को मज़बूत करता है। ये भारत में राजनीतिक और सामाजिक करप्शन का भी एक बहुत बड़ा कारण है। वंशवाद की वजह से आगे बढ़े लोगों को लगता है कि अगर उनकी पहले की पीढ़ियों के करप्शन का हिसाब नहीं हुआ, तो उनका भी कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। वो तो अपने घर में ही इस प्रकार के विकृत उदाहरण भी देखते हैं। इसलिए ऐसे लोगों का कानून के प्रति न सम्मान होता है न कानून का उनको डर होता है।

इस स्थिति को बदलने का जिम्मा देश की जागरुकता पर है, देश की युवा पीढ़ी पर है और राष्ट्रयाम जागृयाम वयं, इसी मंत्र को लेकर जीना है।आप राजनीति में ज्यादा से ज्यादा संख्या में आएं, बढ़चढ़कर हिस्सा लें। लेना–पाना बनने के इरादे से नहीं, कुछ कर गुजरने के इरादे से आइए। आप अपनी सोच, अपने vision को लेकर आगे बढ़ें। एक साथ मिलकर काम करें, जुटकर काम करें, डटकर काम करें। याद रखिएगा, जब तक देश का सामान्य युवा राजनीति में नहीं आएगा, वंशवाद का ये जहर इसी तरह हमारे लोकतंत्र को कमजोर करता रहेगा। इस देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए आपका राजनीति में आना जरूरी है। और ये जो लगातार हमारे युवा विभाग के द्वारा मॉक संसद के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। देश के विषयों पर युवा मित्र मिलकर चर्चा करें। देश की युवाओं को

भारत के सेंट्रल हॉल तक लाया जाए। इसके पीछे मकसद भी यही है कि देश की नयी युवा पीढ़ी को हम तैयार करें ताकि वो हमारे साथ आनेवाले दिनों में देश का नेतृत्व करने के लिए आगे आएं, आगे बढ़े। आपके सामने स्वामी विवेकानंद जैसा महान मार्गदर्शक है। उनकी प्रेरणा से आप जैसे युवा राजनीति में आएंगे, तो देश और भी मजबूत होगा।

स्वामी विवेकानंद जी युवाओं को एक और बहुत महत्वपूर्ण मंत्र देते थे। वो कहते थे– "किसी आपदा या परेशानी से भी ज्यादा महत्वपूर्ण है उस आपदा से ली गई सीख।" आपने ने उसमें से क्या सीखा। हमें आपदाओं में संयम की भी जरूरत होती है, साहस की भी जरूरत होती है। आपदा हमें ये सोचने का भी अवसर देती है कि जो बिगड़ा है, हम वही दोबारा बना लें, या नए सिरे से एक नए निर्माण की नींव रखें? कई बार हम एक संकट, किसी आपदा के बाद कुछ नया सोचते हैं, और फिर देखते हैं कि उस नई सोच ने कैसे पूरा भविष्य बदल दिया। आपने भी अपने जीवन में ये महसूस किया होगा। मेरा मन करता है कि आज एक अनुभव आपके सामने जरूर रखूं। 2001 में जब गुजरात के कच्छ में भूकंप आया था, तो कुछ ही पल में सब कुछ तबाह हो गया था। पूरा कच्छ एक प्रकार से मौत की चादर ओढ़कर सो गया था, सारी इमारत जमींदोज हो चुकी थी। जो हालत थी, उसे देखकर लोग कहते थे कि अब कच्छ हमेशा हमेशा के लिए बर्बाद हो गया है। इस भूकंप के कुछ महीने बाद ही मुझे गुजरात का मुख्यमंत्री के रूप में दायित्व निभाने का जिम्मेवारी आ गई। चारों तरफ गूंज यही थी कि अब तो गुजरात गया, अब तो गुजरात बर्बाद हो गया, यही सुन रहा था। हमने एक नई अप्रोच के साथ काम किया, एक नई रणनीति के साथ आगे बढ़े। हमने सिर्फ इमारतें ही फिर से नहीं बनवाईं, बल्कि ये प्रण लिया कि कच्छ को विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचाएंगे। तब वहां न उतनी सड़कें थीं, न बिजली व्यवस्था ठीक थी, न ही पानी आसानी से मिलता था। हमने हर व्यवस्था सुधारी। हम सैकड़ों किलोमीटर लंबी नहरें बनाकर कच्छ तक पानी लेकर गए, पाइपलाइन से पानी ले गए। कच्छ की हालत ऐसी थी कि वहां टूरिज्म के बारे में कोई सोच भी नहीं सकता था। उल्टा, हर साल हजारों लोग कच्छ से पलायन कर जाते थे। अब आज हालात ऐसे हैं कि बरसों पहले कच्छ छोड़कर गए लोग आज वापस लौटने लगे हैं। आज कच्छ में लाखों टूरिस्ट, रण उत्सव में आनंद लेने के लिए पहुंचते हैं। यानि आपदा में, हमने आगे बढ़ने का अवसर खोजा।

उस समय भूकंप के दौरान ही एक और बड़ा काम हुआ था, जिसकी उतनी चर्चा नहीं होती है। आजकल कोरोना के इस समय में आपलोग Disaster Management Act का जिक्र खूब सुनते होंगे। इस दौरान तमाम सरकारी आदेश, इसी एक्ट को आधार बनाकर जारी किए गए। लेकिन इस एक्ट की भी एक कहानी है, कच्छ भूकंप के साथ इसका एक रिश्ता है और मैं ये भी आपको बताऊंगा तो आपको खुशी होगी।

पहले हमारे देश में disaster management केवल कृषि विभाग, कृषि विभाग का हिस्सा रहता था उसी का काम समझा जाता था। क्योंकि हमारे यहां disaster का मतलब होता था बाढ़ या सूखा। ज्यादा पानी गिर गया तो disaster पानी कम पड़ गया तो disaster, बाढ़ वगैरह आती थी, तो खेती का मुआवजा वगैरह देना यही प्रमुखतः disaster management होता था। लेकिन कच्छ भूकंप से सबक लेते हुए, गुजरात ने 2003 में Gujarat State Disaster Management Act बनाया। तब देश में पहली बार ऐसा हुआ जब Disaster management को कृषि विभाग से निकाल करके गृह विभाग के नदकमत में दे दिया गया। बाद में केंद्र सरकार ने 2005 में गुजरात के उसी कानून से सीख लेकर पूरे देश के लिए Disaster Management Act बनाया। अब इसी एक्ट की मदद से, ताकत से देश ने महामारी के खिलाफ इतनी बड़ी लड़ाई लड़ी है। आज यही एक्ट हमारे लाखों लोगों की जान बचाने में सहायक हुआ, देश को इतने बड़े संकट से उबारने में आधार बना। इतना ही नहीं, जहां कभी disaster management केवल मुआवजे और राहत सामग्री तक सीमित होता था, उसी भारत के disaster management से आज दुनिया सीख रही है।

जो समाज संकटों में भी प्रगति के रास्ते बनाना सीख लेता है, वो समाज अपना भविष्य खुद लिखता है। इसलिए आज भारत और 130 करोड़ भारतवासी अपना भविष्य और वो भी उत्तम भविष्य आज देश के नागरिक खुद गढ़ रहे हैं। आपके द्वारा किया गया हर एक प्रयास, हर एक सेवा कार्य, हर एक इनोवेशन, और हर एक ईमानदार संकल्प, भविष्य की नींव में रखा जा रहा एक मजबूत पत्थर है। आप अपने प्रयासों में सफल हों, इन्हीं शुभकामनाओं के साथ मैं फिर एक बार देश भर में लाखों युवकों ने कोरोना के इस कालखंड में भी कहीं पर रुबरू में, कहीं पर वर्चुअल, इस यूथ मूवमेंट को आगे बढ़ाया, डिपार्टमेंट के लोग भी अभिनन्दन के अधिकारी हैं। इसमें हिस्सा लेनेवाले नौजवान भी अभिनन्दन के अधिकारी हैं और विजेता होने वालों को अनेक–अनेक शुभकामनाएं देने के साथ–साथ जिन बातों की उन्होंने बोला है, वे बातें समाज की जड़ों में जाएं। इसके लिए वो सफलतापूर्वक आगे बढ़ें, ऐसी मेरी अनेक–अनेक शुभकामनाएं हैं।

(युवा संसद में मोदी जी का भाषण)

कर्मयोद्धा
राम नाईक
हृदय नारायण दीक्षित
रचनावली

विमोचन

टैबलेट/स्मार्टफोन का उपहार
युवाओं के साथ योगी सरकार
जनपद अयोध्या में
छात्र-छात्राओं को टैबलेट/स्मार्टफोन
वितरण
योगी आदित्यनाथ

खेल सामग्री का वितरण
योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा
मिशन रोज़गार

पत्रिका पंजीकरण – RNI-51899/91 डाक पंजीकरण – SSP/LW/NP-117-2021-23
जनवरी प्रथम 2022 – प्रेषित डाकघर – R.M.S. चारबाग, लखनऊ – प्रेषण तिथि : 11–13 (प्रथम पाक्षिक)

भारतीय जनता पार्टी के लिए मुद्रक तथा प्रकाशक प्रो. श्यामनन्दन सिंह द्वारा नूतन ऑफसेट मुद्रण केन्द्र, संस्कृति भवन, राजेन्द्र नगर, लखनऊ से मुद्रित व भाजपा कार्यालय, 7, विधानसभा मार्ग, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक : अरूण कान्त त्रिपाठी